## जन–सुनवाई कार्यवृत्त

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904, क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए. (रोम), खसरा नम्बर 816/87, निकट ग्राम–खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि **क्लस्टर परियोजना {मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904 क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए. (रोम); कस्तुरा राम, रेफरेन्स नम्बर 201810000775, क्षेत्रफल 3.1891 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 2,12,500 टी.पी.ए (रोम)} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 6.9374 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–5,72,860 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है** में बॉल क्ले एवं सिलिका सेंड के खनन की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर बीकानेर के प्रतिनिधि श्री राजेन्द्र चौधरी, उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, बीकानेर की अध्यक्षता में **ग्राम पंचायत भवन खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में दिनांक **11/09/2024** को प्रातः 11.00 बजे आयोजित की गई।

जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ठ "अ"** पर सलंग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति दिनांक 07/08/2024 को समाचार पत्र 'द इण्डियन एक्सप्रेस' एवं 'दैनिक युगपक्ष' में प्रकाशित करवाई गई थी जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ठ "ब"** पर संलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए श्री राजकुमार मीणा, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, बीकानेर ने सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अंतर्गत सुनवाई की आवश्यकता /प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया एवं बताया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी । क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित आमजन से खनन परियोजना से जुड़ी जानकारी को ध्यान से सुनने, समझने तथा आपत्ति या सुझाव दर्ज करवाने हेतु निवेदन किया गया। इसके पश्चात उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, बीकानेर की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन**, माइन्स के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स मंत्रा ग्रीन रिर्सोसेज लिमिटेड"** को आमंत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स मंत्रा ग्रीन रिर्सोसेज लिमिटेड"** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि इस खनन ईकाई का **एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर** **20211000041904,** कुल खनन क्षेत्र **3.7483** हेक्टेयर, खनिज– बॉल क्ले एवं सिलिका सेंड तथा उत्पादन क्षमता **3,60,360 टी.पी.ए. (रोम)** होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारे में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप एवं सुझाव प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा खनन पट्टा धारक का ध्यानाकर्षण करते हुए आपत्ति की गई की पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान गाँव का प्रतिनिधित्व अत्यन्त न्यून है। लगभग 10–12 स्थानीय ग्रामीण ही उपस्थित हुए है। श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा यह भी आक्षेप किया गया कि खनन इकाई द्वारा जनसुनवाई की सूचना इण्डियन एक्सप्रेस एवं दैनिक युगपक्ष जैसे समाचार पत्रों के द्वारा दी गई है जो कि स्थानीय अखबार नहीं है। अतः जनसुनवाई के आयोजन से पूर्व गाँव में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना चाहिये एवं वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप ही जनसुनवाई का आयोजन किया जाना चाहिये।

श्री लेखराज, निवासी खारी चारनान द्वारा खनन पट्टा धारक को अवगत करवाया गया कि खनन के कारण गाँव के रास्तों पर बडे–बडे खड्डे हो चुके है। खड्डो को समय–समय पर सही किया जाये। साथ ही खनन इकाई द्वारा गाँव में शिक्षा व गौशाला हेतु यथासम्भव सहयोग दिया जाये। श्री लेखराज द्वारा यह भी आक्षेप किया गया कि पूर्व में चल रही कई खनन इकाईयों द्वारा खेतों में चिकनी मिट्टी डाल दी जाती है जिससे खेतों को नुकसान होता है। जिसके प्रत्युत्तर में खनन इकाई के प्रतिनिधि श्री राजीव द्वारा गाँव की सड़क के खड्डो को खनन के दौरान निकलने वाले ऑवर बर्डन से भरने, गाँव में शिक्षा एवं गौशाला में यथा संभव सहयोग करने एवं खेतों का उचित रखरखाव करने सम्बन्धी आश्वासन दिया गया।

श्री नेमाराम, निवासी खारी चारनान द्वारा खनन इकाई की लीज अवधि एवं खनन कार्य में लगाये जाने वाले श्रमिकों की संख्या के सम्बन्ध में खनन पट्टा धारक से जानकारी माँगी गई। जिसके प्रत्युत्तर में परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि खनन इकाई की लीज 50 साल के लिये मिलती है एवं इस खनन इकाई में कार्य करने हेतु लगभग 30 श्रमिकों की आवश्यकता होगी जिसमें स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जायेगी।

श्री रमेश निवासी खारी चारनान द्वारा बताया गया कि खनन पट्टा धारकों द्वारा गाँव की सड़क के खड्डों को भरने का कार्य उन्हे दिया गया है जल्दी ही इन खड्डों को भर दिया जायेगा।

तत्पश्चात श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय एवं क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा ग्रामीणों से आपत्ति, आक्षेप या सुझाव दर्ज करवाने हेतु पुनः निवेदन किया गया।

श्री राजूराम, सरपंच, खारी चारनान द्वारा आपत्ति दर्ज करवाते हुए खनन पट्टा धारक का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा गया कि **"खनन इकाई द्वारा जनसुनवाई आयोजित करने की सूचना पूर्व में ग्रामवासियों को नहीं दी गई"**। साथ ही यह भी आक्षेप लगाया गया कि खनन प्रतिनिधि द्वारा बहुत सी लोक लुभावन घोषणाए की जाती है परन्तु खनन कार्य शुरू होने के पश्चात जनसुनवाई में की गई घोषणाओं की क्रियान्विति के सम्बन्ध में कोई कार्य नहीं किये जाते है। खनन पट्टा धारक द्वारा खनन कार्यों में न तो स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता दी जाती है न ही स्थानीय वाहनों का उपयोग किया जाता है। खनन इकाईयों द्वारा खनन कार्य शुरू होने के पश्चात किसी भी प्रकार का पौधारोपण भी नहीं किया जाता है और न ही गाँव के विकास में सहयोग प्रदान किया जाता है। जिसके प्रत्युत्तर में खनन इकाई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि जनसुनवाई के आयोजन से पूर्व गाँव में व्यापक प्रचार प्रसार कर जनसुनवाई की सूचना दी जा चुकी है। खनन इकाई के प्रतिनिधि द्वारा जनसुनवाई के दौरान की गई सभी घोषणाओं को निश्चित समय पर चरणबद्व तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया गया।

श्री राजेन्द्र, निवासी खारी चारनान द्वारा खनन इकाई में खनन कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले वाहनों की संख्या सम्बन्धी प्रश्न किया गया तथा साथ ही निवेदन किया गया कि स्थानीय निवासीयों के वाहनों का ही उपयोग किया जाये। जिसके प्रत्युत्तर में परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि खनन इकाई में खनन कार्य के दौरान लगभग 20 वाहनों की आवश्यकता होगी और स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता दी जायेगी बशर्ते उनके द्वारा वैध पीयूसी, लाईसेंस आदि समस्त दस्तावेज खनन इकाई को उपलब्ध करवाये जायेगें।

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित जनमानस से निवेदन किया गया कि खनन कार्य के दौरान गाँव में रोजगार के साधन उपलब्ध होते है इसलिये ग्रामवासियों द्वारा खनन इकाई को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये। साथ ही श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा खनन इकाई के प्रतिनिधि को भी निर्देशित किया गया कि सामाजिक सरोकार एवं गाँव का विकास खनन इकाई की नैतिक जिम्मेदारी एवं मूल कर्तव्य है। अतः खनन इकाई द्वारा खनन कार्य के साथ–साथ गाँव के विकास एवं सामाजिक सरोकर में पूरा सहयोग प्रदान किया जानां चाहियें जिससे की खनन इकाईयों के प्रतिनिधि एवं स्थानीय निवासीयों के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके। श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा खनन इकाई के प्रतिनिधि को गाँव में आज पुनः प्रचार प्रसार करवाने एवं ग्रामवासियों को अपने आक्षेप/आपत्ति/सुझाव ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालय समय में लिखित रूप से देने हेतु निर्देशित किया जिसकी अनुपालना में खनन इकाई द्वारा खनन योजना का गाँव में पुनः प्रचार प्रसार करवाया गया।

खनन इकाई के प्रतिनिधि द्वारा आश्वासन दिया गया कि ग्रामवासियों से प्राप्त सुझावों के अनुरूप ही खनन कार्य किया जायेगा। साथ ही सरपंच महोदय के साथ समन्वय स्थापित कर गाँव के विकास हेतु यथा संम्भव सहयोग दिया जायेगा।

श्री मुलाराम निवासी खारी चारनान द्वारा गाँव में स्थित गौशाला हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में खनन इकाई के प्रतिनिधि द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य खनन इकाई द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं प्रदूषण की रोकथाम हेतु किये जाने वाले कार्यो/प्रयासों के बारे में जन मानस को अवगत करवाना है। खनन इकाई द्वारा सरकार द्वारा जारी नियमों की पालना करने के सम्पूर्ण प्रयास किये जाने चाहिये।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर ने उपखण्ड अधिकारी महोदय एवं उपस्थित जन समुदाय को जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय की अनुमति से जनसुनवाई के समापन की घोषणा की। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई के दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात ग्राम पंचायत, खारी चारनान/ग्रामवासियों के माध्यम से लिखित में कोई भी आक्षेप इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

(राजकुमार मीणा)
क्षेत्रीय अधिकारी,
रा.रा.प्र.नि.म. बीकानेर
क्षेत्रीय अधिकारी
राज.राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

(राजेन्द्र चौधरी)
उपखण्ड अधिकारी, कोलायत
बीकानेर
उपखण्ड अधिकारी
कोलायत, जिला–बीकानेर

परिशिष्ट (ख)

# जन सुनवाई का उपस्थिति पत्र

मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904, क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए. (रोम), खसरा नम्बर 816/87, निकट ग्राम–खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि **क्लस्टर परियोजना {मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904 क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए. (रोम); कस्तुरा राम, रेफरेन्स नम्बर 201810000775, क्षेत्रफल 3.1891 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 2,12,500 टी.पी.ए (रोम)} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 6.9374 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–5,72,860 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है** में बॉल क्ले एवं सिलिका सेंड के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 11/09/2024 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक ।

स्थान:– **ग्राम पंचायत भवन खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर**
दिनांक:–11/09/2024 समय प्रातः 11.00 बजे।

| क्र.स. | नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेन्द्र चौधरी | S.D.M, Kolayat | [signature] |
| 2. | श्री राजकुमार मीणा | Regional Officer RSPCB, Bikaner | [signature] |
| 3. | गिरीश व्यास | AEE, RSPCB, Bikaner | [signature] |
| 4. | राधेश्याम स्वामी | JEE, RSPCB, Bikaner | [signature] |
| 5. | शाहुराम | सरपंच खारी चारनान | शाहुराम |
| 6. | हितेन्द्र शर्मा | कोलायत | हितेन्द्र शर्मा |
| 7. | सुन्दर | खारी चारनान | सुन्दर |
| 8. | हरिकिशन | खारी चारनान | हरिकिशन |
| 9. | नत्थुराम | खारी चारनान | नत्थुराम |
| 10. | रामेश | खारी चारनान | रामेश |
| 11. | कानाराम | म.द. | कानाराम |
| 12. | पृ. छैलुसिंह | मोटावता | पृ. छैलुसिंह |
| 13 | नेमाराम | खारी | नेमाराम |
| 14. | Surpatsingh | भालिया | SGR |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15 | RAJIV | [illegible]. Mines Owner | [illegible] |
| 16 | Rajendar | Khari | Rajendr |
| 17 | KRISHAN KANT | Khari | Krishan Kant |
| 18 | LOKESH | लूणकरणसर | [illegible] |
| 19 | Manmohan | Khari | [illegible] |
| 20 | राजेन्द्र कुमार | खारी | [illegible] |
| 21 | Indarlal | खारी | [illegible] |
| 22 | भैरूराम | खारी | [illegible] |
| 23 | [illegible] | खारी | [illegible] |
| 24 | संजय वर्मा | मैसर्स मंत्रास ग्रेनाइट | Sanjay |
| 25 | Kapil Gupta | Greniu | Kapil |
| 26 | अतुल गहलोत | Grenii | [illegible] |
| 27 | Amika | Greniu | [illegible] |
| 28 | Sharad bal | [illegible] BKN | [illegible] |
| 29 | KUSHRAJ SINGH | Bikaner | Kushraj |
| 30 | | | |
| 31 | | | |
| 32 | | | |
| 33 | | | |
| 34 | | | |
| 35 | | | |
| 36 | | | |
| 37 | | | |

... ओलंपिक खेलों के 12वें दिन बुधवार को भारोत्तोलन मीराबाई चानू से पदक दिलाने की आस रहेगी, जबकि एथलीट अविनाश साबले भी पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज के फाइनल में चुनौती पेश करने उतरेंगे। महिला गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर भी अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, जबकि महिला टेबल टेनिस का सामना क्वार्टर फाइनल में जर्मनी से होगा। मीराबाई चानू ने टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीता था और एक बार फिर उनसे उस करिश्मे को दोहराने की उम्मीद होगी। मीराबाई अगर पदक लाने में सफल रहीं तो वह उन भारतीय एथलीटों में शामिल हो जाएंगी जिन्होंने ओलंपिक में एक से अधिक पदक जीते हैं। अब तक भारत के लिए सुशील कुमार, पीवी सिंधू और मनु भाकर ही ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिनके नाम ओलंपिक में दो पदक जीतने की उपलब्धि दर्ज है।




### अविनाश से पदक की आस

क्वालिफिकेशन में उम्दा प्रदर्शन करने वाले भारतीय एथलीट अविनाश साबले से भी बेहतर करने की उम्मीद है। साबले ने फाइनल में क्वालिफाई करके भारत के लिए एक और पदक की उम्मीद जगा दी है। दूसरी ओर, मनिका बत्रा, अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला की महिला टेबल टेनिस टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करने के इरादे से उतरेगी। अगर मनिका की अगुआई वाली टीम जीत हासिल करने में सफल रही तो पदक पक्का करने की ओर एक कदम बढ़ा देगी।


# कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर

क्रमांकः–नविन्यास / स्टोर / 2024–25 / 8195 दिनांक :– 05.08.2024

## वार्षिक निविदा सूचना संख्या 02/स्टोर/2024–25

नगर विकास न्यास बीकानेर कार्यालय उपयोग हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए वार्षिक ...ड आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम |
|---|---|
| | न्यास कार्यालय में कार्यालय उपयोग हेतु विविध प्रकार की स्टेशनरी सप्लाई का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में उपयोग होने वाले प्रपत्र, फार्म, पट्टे व अन्य दस्तावेजो का प्रिन्टिंग कार्य व जील्दसाजी का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में सफाई कार्य के लिये सफाई सामग्री सप्लाई का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में कार्यालय उपयोग हेतु विविध प्रकार की क्रोकरी सप्लाई का कार्य |
| | साफा, गोमेन्टो, प्रशंसा पत्र, फूल माला इत्यादि उपलब्ध कराने का कार्य |
| | बडे नक्शो की फोटो स्टेट व कलर प्रिन्ट आउट का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में टेली विशेषज्ञ व ओटोकेड विशेषज्ञ उपलब्ध कराने का कार्य |
| | न्यास कार्यो के लिये इलेक्ट्रिक सामग्री सप्लाई का कार्य |
| | लोहे के बोर्ड मय पेंटिग सप्लाई का कार्य |
| | पानी के टेंकर की व्यवस्था का कार्य |
| | न्यास के एयर कंडिशनरों की सर्विस व कुलरों की सर्विस का कार्य |
| | न्यास के कार्यो के लिए कम्प्युटर रिपेरियंगि व प्रिटर रिपेरियरिग तथा रिफलिंग व नेट संबंधी कार्य |
| | न्यास कार्यालय में पानी के केम्पर व पानी की बोतल सप्लाई का कार्य |
| | न्यास की भूमि पर तारबंदी का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में फोटो स्टेट मशीन स्थापित कर फोटो स्टेट का कार्य ए–4 व एफ–5 साईज के पत्रों की ब्लैक एण्ड वाईट फोटो स्टेट का कार्य |
| | न्यास कार्यालय में कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्युटर मय प्रिन्टर मय यूपीएस एवं एच पी के स्केनर मशीन क्रय करने का कार्य |
| | न्यास के विविध कार्यक्रमों हेतु विडियोग्राफी, फोटोग्राफी, ड्रोन कैमरा व एलईडी स्क्रीन लगाने का कार्य |
| | न्यास के माध्यम से एवं न्यास द्वारा करवाये जाने कार्यकमों के लिए टेंट व्यवस्था का कार्य। |
| | न्यास द्वारा करवाये जाने वाले विविध कार्यकमों में फ्लैक्स, बैनर एवं नेचुरल फ्लॉवर का कार्य |
| | न्यास के माध्यम से करवाये जाने वाले विभिन्न कार्यकमों के लिए भोजन एवं जलपान की व्यवस्था कार्य |
| | न्यास के माध्यम से एवं न्यास द्वारा करवाये जाने कार्यकमों के लिए लाईट एवं डेकॉरेशन व्यवस्था का कार्य। |
| | न्यास के माध्यम से एवं न्यास द्वारा करवाये जाने कार्यकमों के लिए माईक एवं साण्उड व्यवस्था का कार्य। |
| | न्यास के माध्यम से करवाये जाने वाले विविध कार्यकमों के लिए बेरीकेडिंग एवं वाईट वाइनिंग का कार्य |
| | न्यास के द्वारा हटाये जाने वाले अतिक्रमणों व न्यास के माध्यन से करवाये जाने वाले कार्यो के लिये जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर मय ट्रोली व लेबर उपलब्ध कराने का कार्य |

विस्तृत जानकारी कार्यालय वेबसाईट http://urban.rajasthan.gov.in/uitbikaner, sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
...ITB2425WSOB00044, ITB2425WSOB00045, ITB2425WSOB00046

सचिव
नगर विकास न्यास, बीकानेर

...द / सी / 24 / 3398



**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल**
क्षेत्रीय कार्यालय, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर

RPCB/RO BIK/EKN/EM-715/2299-2303 Dt/ 01/08/2024

**पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आम सूचना**

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित खनन परियोजना बॉलके कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904 क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए. (रोम) (माईनेबल रिजर्वस-29,03,570 एम.टी.) खसरा नम्बर 816/87, निकट ग्राम-खारी चारनान, तहसील-कोलायत, जिला-बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना [मैसर्स बॉलकेम कॉर्पोरेशन, एम.एल. नम्बर 24/2021, रेफरेन्स नम्बर 20211000041904 क्षेत्रफल 3.7483 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,60,360 टी.पी.ए (रोम), कस्तुरा राम, रेफरेन्स नम्बर 201810000775, क्षेत्रफल 3.1891 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 2,12,500 टी.पी.ए (रोम)] कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 6.9374 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता-5,72,860 टी.पी.ए. (रोम) में स्थित है में बॉल क्ले एवं सिलिका सैंड के खनन की पर्यावरण स्वीकृति बाबत प्रस्ताव राज्य स्तरीय पर्यावरणीय अधिप्रभाव आकलन प्राधिकरण, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत किये है।

2. और चूंकि बॉलकेम कॉर्पोरेशन को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं तत्पश्चात संशोधित अधिसूचनाओं के अनुसार उक्त खनन परियोजना को पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई की आवश्यकता है।

3. और चूंकि उपरोक्त लीज धारक ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के लिए आवेदन किया है।

4. और चूंकि उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई हेतु मण्डल द्वारा इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।

5. उक्त परियोजना से सम्बन्धित संक्षिप्त अभिलेख (पर्यावरण प्रभाव आकलन एवं सार रिपोर्ट) निम्नांकित कार्यालयों पर अवलोकनार्थ उपलब्ध है :-

1. जिला कलक्टर कार्यालय, बीकानेर।
2. जिला परिषद कार्यालय, बीकानेर।
3. जिला उद्योग केन्द्र, बीकानेर।
4. उपखण्ड अधिकारी कार्यालय, कोलायत, जिला-बीकानेर।
5. तहसील कार्यालय, कोलायत, बीकानेर।
6. पंचायत समिति-कोलायत, जिला- बीकानेर।
7. ग्राम पंचायत-खारी चारनान, तहसील-कोलायत, जिला-बीकानेर।
8. क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर।
9. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार शासन सचिवालय, जयपुर, राजस्थान।
10. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल मुख्यालय 4, पर्यावरण मार्ग संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, राजस्थान
11. एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, ए-209 व 218, अरण्य भवन, महात्मा गाँधी रोड, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर।

6. उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई दिनांक 11.09.2024 को प्रातः 11.00 बजे ग्राम पंचायत भवन खारी चारनान, तहसील-कोलायत, जिला- बीकानेर में आयोजित की जायेगी। अतः सर्वसाधारण को नोटिस के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त दिनांक को प्रस्तावित जन सुनवाई स्थल पर उपस्थित होकर अपने लिखित/ मौखिक आक्षेप प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में लिखित आक्षेप/ सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से जन सुनवाई दिवस तक राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल क्षेत्रीय कार्यालय, प्लॉट न. से 33, बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र, बीकानेर में दिये जा सकते हैं।

(राजकुमार मीणा), क्षेत्रीय अधिकारी


पेरिस। भारत के स्टार भाला फेंक एथ... नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की शा... शुरुआत की। नीरज ग्रुप बी के क्वालिफिकेश... सबसे पहले शुरुआत करने आए और उन्होंने अ... इस सत्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया जो 84 मी... के स्वतः क्वालिफिकेशन से काफी अधिक ... नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहत... शुरुआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी ... के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज के अल... पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया ... 86.59 मीटर का थ्रो कर स्वतः फाइनल के लि... क्वालिफाई कर लिया। नीरज की तरह अरशद का यह सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। नीरज ने ग्रुप ... और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल ... प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपि... नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टो... ओलंपिक का स्वर्ण-पदक जीता था। फाइ... मुकाबला आठ अगस्त को भारतीय समयानु... देर रात 11.50 बजे से होगा। ग्रेनाडा के एंडर... पीटर्स ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पी... ने पहले प्रयास में 88.63 का थ्रो फेंक और ... ग्रुप बी से सीधे क्वालिफाई करने वाले ती... एथलीट रहे। नीरज पहले प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रद... करने वाले एथलीट रहे थे। पहले प्रयास ... फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई करने के ...

# विनेश फोग...

## सिल्वर किया पक्का, ...

पेरिस। भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने पेरिस ओलंपिक के महिला 50 किग्रा कुश्ती के सेमीफाइनल मैच में क्यूबा की लोपेज गुजमान को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। उनका सात अगस्त को होने वाले फाइनल में सामना अमेरिका की सारा हिल्डेब्रांट से होगा। इसी के साथ विनेश ने पदक भी पक्का कर लिया है। विनेश की शुरुआत ही इस ओलंपिक में शानदार रही थी। उनका पहला मैच ही एक ऐसी पहलवान (सुसाकी) से था जो इस मैच से पहले तक अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कभी हारी ही नहीं थीं।

सुसाकी के 82-0 की जीत के सिलसिले को विनेश ने रोक दिया। इसके बाद विनेश ने लगातार दो और मैच जीते और फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का किया। यह इस ओलंपिक में पहली बार है जब भारत कांस्य पदक के ऊपर कोई ...

